कार्यालय :—मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, पाली

फोन नं. 02932—251001

क्रमांक— सामान्य/2019/1570 दिनांक— 25.11.19

विज्ञप्ति

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पाली मे वर्तमान मे निम्नानुसार पद रिक्त है—

क्र.सं.	पद का नाम	रिक्त पदों कि संख्या
1	शीघ्रलिपिक (हिन्दी)	1
2	रीडर (वरिष्ठ लिपिक)	1
3	कनिष्ठ लिपिक	1

माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा डीबी सिविल रिट याचिका संख्या 4689/2016 में पारित आदेश दिनांक 05.08.2019 की पालना में तथा मुख्य सचिव महोदय द्वारा बैठक दिनांक 07.08.2019 में किए गए निर्णय एवं विधि एवं विधिक कार्य विभाग के पत्र क्रमांक 26 (24) न्याय/2016 दिनांक 19.08.2019 के क्रम में उपरोक्त रिक्त पदों परं नियमित भर्ती होने मे विलम्ब की संभावना होने एवं तत्कालिक आवश्यकता और अपरिहार्यता को दृष्टिगत रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में उक्त पदों पर राज्य सरकार के विभागो/न्यायालयो से सेवा निवृत कार्मिक से पे माइनस पेंशन पर सेवाए ली जानी है।

उक्त पदों पर सेवाओं के फलस्वरूप पारिश्रमिक राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित नियमों विनियमों के अनुसार देय होगा।

सेवानिवृत कार्मिक जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं हुई हो, की सेवाएं दिनांक 29.02.2020 तक की अवधि के लिये या नियमित कर्मचारी उपलब्ध होने तक जो भी पहले हो की कालावधि तक सेवाएं देने के लिए इच्छुक सेवानिवृत कार्मिक विज्ञप्ति के संलग्न आवेदन पत्र के प्रारूप में मय वांछित दस्तावेज के आवेदन कर सकेगें। उक्त संवर्गो की सेवाएं राज्य सरकार से प्राप्त आदेशों/निर्देशों के अध्यधीन प्रभावी रहेगी।

उपरोक्त वर्णित रिक्त पदों पर उक्त शर्तो के अध्याधीन सेवाएं देने वाले इच्छुक कर्मचारी दिनांक 10.12.2019 को 03.00 पी.एम. तक इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र मय मुल विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत कर सकते है। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदक जिला न्यायालय, पाली की वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/pali से आवेदन पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि दिनांक 10.12.2019 के पश्चात् के आवश्यक निर्देशों बाबत् जिला न्यायालय, पाली की वेबसाइट एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

न्यायाधीश
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
पाली

न्यायाधीश
मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण
पाली (राज.)

क्रमांक— सामान्य/2019/1570 (5) दिनांक— 25.11.19

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. श्रीमान संयुक्त शासन सचिव, विधि एवं विधिक कार्य विभाग
2. श्रीमान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, पाली
3. श्रीमान जिला कलेक्टर, पाली को समस्त अधीनस्थ विभागों में सूचित करने बाबत्।
4. जिला जनसम्पर्क अधिकारी, पाली को अखबार में प्रकाशन हेतु।
5. सिस्टम ऑफिसर, जिला एवं सेशन न्यायालय पाली को जिला न्यायालय, पाली की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु
6. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा।

न्यायाधीश
मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण
पाली (राज.)

कार्यालय :—मोटरदुर्घटनादावाअधिकरण, पाली

(राज्य सरकार के अधिकारी / कर्मचारी के सम्बन्ध में विपरित प्रतिनियुक्ति सेवाएं लेने के लिये)

आवेदन पत्र

1. कर्मचारी का नामः—..
2. पिता / पति का नामः—..
3. जन्म तिथिः—...
4. पता मय मोबाईल नम्बर :—...

5. आयु (दिनांक 29.02.2019):— ....वर्ष.........माह.........दिन
6. अर्हताएं :—...
7. मूल विभाग का नाम :—...
8. मूल विभाग में धारित पद :—...
9. अनुभवः—...
10. वर्तमान मूल वेतन
    (रनिंग पे बैण्डवेतन,ग्रेड पे) :—...
    पे—स्लीप संलग्न करें।
11. मूलविभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्रः—...
12. धारित पद का वेतनमान :—...
13. प्दनाम जिसके लिए कर्मचारी
    द्वारा आवेदन किया जा रहा हैः—...

(हस्ताक्षर मय दिनांक)

<u>कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षरित किये जाने के लिये वचन बंध</u>

अधोहस्ताक्षरी राज्य सरकार के कार्मिको के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी परिपत्र एवं माननीय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, पाली से प्राप्त आदेशों / निर्देशों में दिये गये सहमत निर्बधनों और शर्तो के अनुसरण में अपनी विपरित प्रतिनियुक्ति सेवाओं को स्वीकार करने का इच्छुक है। अधोहस्ताक्षरी वचनबंध के उक्त निर्बधनों और शर्तो को मानने के लिए इसके द्वारा सहमत है और वचन देता है।

दिनांक :—

स्थान :—

हस्ताक्षर